११. श्री बाहुबली गुलाब चन्द, निदेशक, मेसर्स इंडियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि०, बम्बई ।

१२. श्री बी० एफ० गुडवाइल्ड, मैसर्स सेक्सबी एण्ड फार्मर (इंडिया) लि०, १७, कानवेंट रोड, कलकत्ता ।

१३. श्री एन० एन० सेन गुप्ता, प्रशिक्षण निदेशक, पुनः स्थापन एवं नियोजन निदेशालय, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, नई दिल्ली ।

(ख) कार्यकारी दल से कोई योजना बनाने के लिये नहीं कहा गया था । इस दल ने दस्तकारी प्रशिक्षण के लिये जरूरी औजारों और स्थान की सूची का प्रमाणीकरण किया । इसके प्रतिरिक्त दल ने (१) शिशिक्षुओं की प्रशिक्षण योजना और (२) कामगरों के लिये सांयकालीन, कक्षाओं की योजनाओं को संशोधित रूप में मंजर किया । अनुदेशकों की केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर के पुनर्गठन योजना को मंजूरी दी ।

(ग) अधिकांश सिफारिशें मंजूर करली गई और उन पर अमल हो रहा है ।

रंगीन अखबारी कागज

१८१४. श्री रा० रा० मिश्र : क्या वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में रंगीन अखबारी कागज बनाने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

(ख) देश मे रंगीन अखबारी कागज की कितनी खपत है ;

(ग) क्या इस कागज को बनाने के लिये किसी विशेष उपकरण का विदेशों से आयात करना पड़ेगा ; और

(घ) इस समय कितने रंगीन अखबारी कागज का आयात किया जा रहा है ?

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) . (क) देश में थोड़ा सा रंगीन अखबारी कागज नेपा मिल्स मे बनाया जाता है ।

(ख) लगभग १,००० टन प्रति वर्ष ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) जनवरी से जून, १६५७ तक २६६ टन रंगीन अखबारी कागज आयात किया गया । जनवरी १६५७ से पहले के आयात के आंकडे उपलब्ध नही है क्योंकि रंगीन अखबारी कागज को देश में व्यापारिक वर्गीकरण मे अलग से नही दिखाया जाता था ।

अम्बर चर्खा

१८१५. श्री रा० रा० मिश्र : क्या वाणिज्य तथा उद्योग मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अम्बर चर्खे को बिजली से चलाने के बारे मे कोई निश्चय किया है ;

(ख) क्या इस समय कोई अम्बर चर्खा बिजली से चलाया जा रहा है ; और

(ग) हाथ से चलाये जाने वाले चर्खों की अपेक्षा उन से क्या लाभ है ?

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) सरकार ने अब तक ऐसा कोई निश्चय नहीं किया है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।